डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live
बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार
संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 04 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शुक्रवार 11 अक्टूबर 2024 | मूल्य 2 रुपया






## चंदन चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**सीतामऊ, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र की साताखेड़ी चौकी पुलिस ने एक चंदन चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया चंदन बरामद किया है। आरोपी के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया है।

साताखेड़ी चौकी प्रभारी शुभम व्यास ने बताया कि 28 जुलाई को दीपाखेडा निवासी भारत सिंह पिता रणजीत सिंह चौहान ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके खेत पर बने फॉर्म हाउस से अज्ञात व्यक्ति चंदन का पेड़ काटकर उसे चोरी कर ले गया है। मामले में पुलिस ने चोरी का प्रकरण दर्ज किया था। जांच में पुलिस को पता चला था कि ग्राम माउखेड़ा के व्यक्तियों ने अपराध को अंजाम दिया है। प्रकरण में जांच करते हुए आरोपी उंकारलाल पिता गोपाल बागरी उम्र 40 साल निवासी माउखेडा जिला मंदसौर को गिरफ्तार किया। आरोपी की कब्जे से चोरी किया गया चंदन बरामद किया गया है।

## दूधाखेड़ी में दर्शनार्थी को आया हार्ट अटैक

### पुलिसकर्मी ने सीपीआर देकर पहुंचाया अस्पताल

**भानपुरा, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दूधाखेड़ी माताजी मंदिर में दर्शन करने आए एक दर्शनार्थी हार्ट अटैक आ गया। जानकारी मिलने पर पुलिस सहायता केंद्र में पदस्थ पुलिसकर्मी द्वारा तत्काल प्राथमिक सहायता सीपीआर देकर आगामी उपचार हेतु वाहन का प्रबंध करवाकर भवानीमंडी रेफर करवाया गया। पुलिस की त्वरित कार्यवाही की भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है। दरअसल दूधाखेडी माताजी मेले भानपुरा मे दर्शन करने आए दर्शनार्थी श्याम सोनी को हार्ट अटैक आ गया। जिसकी जानकारी मिलने पर एसडीओपी राजाराम धाकड़ की उपस्थिति में उपस्थित पुलिस कर्मचारी द्वारा श्याम सोनी निवासी भवानी मंडी को पुलिस द्वारा प्राथमिक सहायता सीपीआर देकर तत्काल वाहन का प्रबंध करवाकर उपचार हेतु भवानी मंडी रेफर किया गया।

### शादी के बाद नकदी व जेवर लेकर चली गई, पुलिस ने नही की कार्रवाई तो...

## कोर्ट ने युवती व उसके पिता पर मामला दर्ज करने के दिए आदेश

**पिपलियामंडी, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शादी के बाद नकदी व रुपए लेकर चली जाने वाले युवती व उसके पिता के खिलाफ कोर्ट ने धोखाधड़ी व चोरी की धाराओं में मामला दर्ज करने के आदेश दिए है। जानकारी के अनुसार प्रताप कॉलोनी निवासी शुभम पिता महेश धनोतिया ने सीतामउ निवासी निशा पिता राजेन्द्रकुमार घाटिया से 22 अप्रेल 2022 में प्रेम विवाह किया था। लेकिन आठ दिन रहने के बाद निशा उसके पिता के यहां सीतामउ चली गई। काफी दिनों तक नही आने पर शुभम लेने गया तो युवती के पिता ने कहा 5 लाख रुपए दो तभी भेजेंगे। बाद में युवक द्वारा 2 लाख रुपए देने पर युवती को भेजा। लेकिन आने के तीसरे दिन बाद ही 25 जून 2022 को निशा फिर शुभम के माता के जेवर व 13-14 हजार रुपए नकदी लेकर फिर फरार हो गई। शुभम ने इसकी शिकायत भी पिपलियामंडी पुलिस थाने पर की, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नही की। इसके बाद शुभम ने अधिवक्ता धीरज दशोरा के माध्यम से परिवाद नारायणगढ़ कोर्ट में पेश किया। न्यायाधीश ने अधिवक्ता द्वारा रखे गए तर्कों वं साक्ष्य के आधार पर युवती निशा के खिलाफ 380 भादवि व निशा के पिता राजेन्द्रकुमार के खिलाफ धारा 380, 457, 420, 120 बी भादवि में केस दर्ज करने के आदेश दिए।

# तस्करों का भी प्रमोशन..!

## स्मगलिंग के लिए होता था लग्जरी कार का इस्तेमाल

**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। अभी तक नौकरियों में प्रमोशन सुना था। व्यापारी के व्यापार में सफलता के बाद संस्था की ब्रांच बढ़ाने या अन्य व्यापार में रुपया इन्वेस्ट करने की बात भी सुनी थी। लेकिन, अब मंदसौर जिले में तस्करी के धंधे में भी प्रमोशन नामक शब्द भोपाल में हुई कार्रवाई के बाद सामने आया है। भोपाल की ड्रग्स फैक्टरी कांड में आरोपी हरीश आंजना पहले डोडाचूरा की तस्करी में संलिप्त था। इसके बाद शोएब लाला से संपर्क के बाद प्रमोशन होकर ड्रग्स का तस्कर बन गया। पहले डोडाचूरा के अलावा अफीम जप्ती बहुत बड़ी बात मानी जाती थी। लेकिन, अब आए दिन पुलिस ड्रग्स के तस्करों को गिरफ्तार कर ड्रग्स बरामद कर रही है। कुछ समय में मंदसौर जिले से करोड़ों की ड्रग्स बरामद बरामद की है। कहीं न कहीं भोपाल ड्रग्स फैक्टरी और हरीश आंजना के अलावा प्रतापगढ़ अंचल की तस्करों की गैंग भी छोटे मोटे तस्करों को ड्रग्स स्मगलर बनने का कारण कही जा सकती है। फिलहाल यह गुजरात एटीएस की जांच का विषय है। इधर जांच में यह भी सामने आया है कि हरीश आंजना भोपाल से बाहर माल ले जाने के लिए लग्जरी कार का इस्तेमाल करता था।**

### वाहन भी करवाए मॉडिफाई...

राजधानी के बगरोदा से पकड़ी एमडी ड्रग फैक्ट्री से तीन महीने में कई बार ड्रग्स की सप्लाई हुई। माल मुख्य सप्लायर हरीश आंजना अपने निजी वाहन से भोपाल आकर ले गया। पुलिस सूत्रों का कहना है कि वह अपनी लग्जरी गाड़ी से भोपाल आता और उसमें ही ड्रग्स छिपाकर ले जाता। ड्रग्स की सप्लाई के लिए गिरोह ने वाहन भी मॉडिफाई कराए। बगरोदा औद्योगिक क्षेत्र हाईवे से लगा है, इसलिए फैक्ट्री से ड्रग्स ले जाना आसान था। शहर के बाहरी रास्ते से आरोपी ड्रग्स आसानी से भेजते थे। ड्रग्स भोपाल से मंदसौर हरीश आंजना के पास पहुंचता और फिर वहां से महाराष्ट्र, गुजरात और राजस्थान में सप्लाई किया जाता। यहां इनके अलग-अलग डीलर्स थे, जो ड्रग्स दूसरे गुर्गों तक पहुंचाते।

### कूलर की मोटर के कार्टून का उपयोग...

पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि अमित चतुर्वेदी एमडी ड्रग दूसरे राज्य में भेजने के लिए कूलर की मोटर का इस्तेमाल करता। वह कूलर की मोटर के कार्टन में ड्रग के छोटे पैक बड़े ट्रक से दूसरे शहरों में भेजता। हरीश आंजना के बाद भी कई सप्लाय की कई चेन है। एनसीबी कार्यालय भोपाल में हरीश से इस नेटवर्क को लेकर पूछताछ जारी है।

### विदेश तक भेजने की आशंका...

अभी ये भी आशंका जताई जा रही है कि महाराष्ट्र और गुजरात के अलग अलग पोर्ट से समुद्र के रास्ते ड्रग्स को विदेशों तक पहुंचाया जाता था। विदेशों में इसकी कीमत अच्छी मिल जाती है, जिससे गिरोह की कोशिश ड्रग्स को विदेश में बेचने की ज्यादा रहती थी। आरोपी भोपाल से पहले पीथमपुर में फैक्ट्री लगा चुके थे। लेकिन, कोशिशों के बाद भी प्रोडेक्शन शुरू नहीं कर पाए तो सुरक्षित जगह की तलाश में भोपाल का रुख किया। यहां ऐसी कंपनी की तलाश थी जो दवा बनाने का काम करती हो। इस तरह अमित चतुर्वेदी आरोपियों के संपर्क में आया और बगरोदा में नशे का कारोबार शुरू हुआ। एमडी ड्रग के इस गिरोह में राजस्थान का नेटवर्क सबसे बड़ी लीड है। एनसीबी व पुलिस फरार शोएब लाला की तलाश कर रही है। राजस्थान के प्रतापगढ़ के तार सामने आए हैं। एमपी पुलिस और एटीएस टीम ने प्रतापगढ़ के अखेपुर में दबिश दी, जहां से एक को हिरासत में लिया, कई लग्जरी वाहन जप्त किए।



## काम का आदमी नहीं मिल रहा, संदेहियों से कर रहे पूछताछ..!

एनसीबी और गुजरात एटीएस की कार्यवाही के बाद अब स्थानीय पुलिस हरीश आंजना के साथियो और सहयोगियो को खंगाल रही है। इनमें कई सफेदपोश और कई नामी तस्कर भी शामिल है, जिनको पकड़कर लाया जा रहा है और लंबे समय तक पूछताछ कर इस ताकिद के साथ छोड़ा जा रहा है कि जब भी बुलाए, सीधे चले आना। यदि दबिश देने के बाद पकड़े गए तो खैर नहीं..।

इधर प्रेमसुख पाटीदार, शोएब लाला और रब नवाज पुलिस की पकड़ से काफी दूर जा चुके है, ऐसा लग रहा है। हालांकि, प्रेमसुख पर काफी दबाव बनाया जा चुका है। इसलिए गुरुवार रात में उसके सरेंडर करने की खबर थी। लेकिन, वह शातिर निकला और पुलिस के हाथ नहीं लग सका है। हालांकि, भरोसेमंद पुलिस सूत्रो की माने तो वह ज्यादा दूर नहीं है। इधर प्रेमसुख की दोनो पत्नियां भी पुलिस को नहीं मिली है। मंदसौर के मेघदूत नगर के घर पर भी ताला लगा है। जहां उसकी दूसरी पत्नि रहती थी। इस तरह यह कहा जा सकता है कि पुलिस को काम के आदमी नहीं मिल पा रहे है।

## सुबह बूंदाबांदी, दिनभर बादल छाए रहे, शाम को ठंडक



**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मानसून लौट जाने के बाद गुरुवार को दो सिस्टम की एक्टिविटी के चलते बादल छाए रहे। सुबह-सुबह शहर में हल्की बूंदाबांदी हुई। इसके साथ ही अंचल में सुबह से बादलों की आवाजाही बनी रही। हालांकि बारिश नहीं हुई। जिले में अधिकतम तापमान 35 डिग्री और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री के आसपास बना हुआ है।

मौसम विभाग के अनुसार 20 अक्टूबर तक प्रदेश में ठंडक बढने का अनुमान है। रात में पारा 20 डिग्री के नीचे पहुंच सकता है। हालांकि, दिन में तापमान 33-34 डिग्री के बीच ही रहेगा। अक्टूबर के आखिरी में दिन के तापमान में भी गिरावट होने लगेगी। मौसम विभाग के मुताबिक, दशहरे से पहले मानसून लौट जाएगा। ऐसे में अबकी बार दशहरे पर बारिश नहीं होगी। बता दें कि पिछले 2 साल से नवरात्रि और दशहरे पर बारिश हो रही है।

## तेरह फिट लंबे अजगर का रेस्क्यू

**मनासा, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** उपवन मंडल परिक्षेत्र के गांव पड़दा के पास गंगाबावड़ी जाने वाले रास्ते पर एक 12-13 फीट लंबे अजगर रेस्क्यू किया गया। ग्रामीणो द्वारा सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने अजगर को रेस्क्यू कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा।

दरअसल वन विभाग की टीम को सूचना मिली थी कि उक्त रास्ते पर एक मक्के के खेत में अजगर बैठा हुआ है। जिसके बाद तुरंत टीम ने थोड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कार्य किया। इस अजगर का वजन करीब 30-35 किलो है। अजगर पूरी तरह स्वस्थ बताया जा रहा है। वहीं रेस्क्यू टीम में महेश पाटीदार बिट प्रभारी रावतपुरा और मनासा शासकीय वाहन उड़नदस्ता चालक प्रेम सिंह गौड़, सुरक्षा श्रमिक शंकर कीर और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### उपज खरीदने के बाद व्यापारी ने नही किया भुगतान...

## मंडी प्रशासन ने किसान को ब्याज सहित दिलाए रुपए

**पिपलियामंडी, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** व्यापारी द्वारा किसान से मूंगफली फसल खरीदने के बाद उपज के रुपए नही देने की शिकायत पर मंडी प्रशासन ने किसान को ब्याज सहित रुपए दिलाए।



जानकारी के अनुसार सुवासरा क्षेत्र के गोकुलपुरा निवासी किसान जीवन ने 7 अक्टूबर को फर्म श्री श्याम ट्रेडिंग कंपनी को 200 बोरी मूंगफली बेची थी। लेकिन व्यापारी ने उपज का करीब 70 हजार रुपए का भुगतान किसान नही किया। तीन दिन तक भुगतान नही देने पर किसान ने इसकी शिकायत मंडी कार्यालय में की। मंडी प्रशासन ने फर्म को नोटिस देकर किसान को उपज के भुगतान के साथ ही 1400 रुपए ब्याज भी दिलवाया। मंडी प्रशासन ने किसानों से अनुरोध किया कि व्यापारी द्वारा भुगतान नही देने सहित कोई भी शिकायत हो तो तत्काल मंडी प्रशासन को करे, ताकि जल्द समस्या का निराकरण हो सके।

## गड्ढे में डूबा युवक, मौत

**नीमच, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। शहर के बघाना थाना क्षेत्र के गांव दारू के समीप देर शाम एक 35 वर्षीय युवक का शव पानी से भरे गड्ढे में मिला। सूचना पर बघाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पंचनामा बनाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए शव बड़े अस्पताल भेजा गया। जहां पोस्टमार्टम कर शव परिजनो के सुपूर्द किया गया।**

मिली जानकारी के अनुसार मृतक राजू पिता बंशीलाल जाति भील निवासी सेमार्डा मंगलवार सुबह घर से शौच के लिए निकला था। जब वह काफी देर तक नहीं लौटा, तो परिजनों ने उसकी तलाश की। देर शाम को उसका शव दारू गांव के समीप बने पोली हाउस के पीछे गड्ढे में मिला। परिजनो के मुताबिक मृतक युवक मानसिक रूप से अस्वस्थ था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

आंधियों के साथ साजिश रच रहा हो जब अंधेरा।
तब तलक लड़ते रहो, जब तलक न हो सवेरा।।
मालवांचल के प्रमुख, जनता के अपने
दैनिक
गुरु एक्सप्रेस
के सफलतम 18 वर्ष पूर्ण होकर 19 वें वर्ष में प्रवेश पर



हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



नरेन्द्र जैन
(अन्ना)
मंडी व्यापारी
मंदसौर



बेखौफ, निडर, स्वच्छ पत्रकारिता
दैनिक
गुरु एक्सप्रेस
के सफलतम 18 वर्ष पूर्ण होकर 19 वें वर्ष में प्रवेश पर



हार्दिक शुभकामनाएं

**** बधाईकर्ता ****
दिनेश कल्याणी, संजय गोयल, दीपक मंगल, आशीष जैन सौरभ दूध, पिंटू मंडोवरा, विनोद डगवार, पंकज जैन तिलक, गज्जू सम्राट, चीकू राठौर, विपीन अग्रवाल बारिक, हेमंत बुलचंदानी, पवन शामयानी, आशीष सोनी, संजय सिंहल
एवं गौल चौराहा मित्र मंडल मंदसौर

''साजिशे लाखों बनती हैं, उनकी हस्ती मिटाने की।
बस 'दुआएं' हम लोगो की उन्हें 'मुकम्मल' नहीं होने देती'' ।।
मालवांचल के प्रमुख, जनता के अपने
दैनिक
गुरु एक्सप्रेस



के सफलतम 18 वर्ष पूर्ण होकर 19 वें वर्ष में प्रवेश पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



राजेश सेठिया (टेम्पू)

शुभेच्छु



वैभव सेठिया



# संभाग बनाओ आंदोलन में बड़े साथ ओसवाल और माली समाज ने की सहभागिता

**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** संभाग बनाओ आंदोलन के तहत गांधी चौराहा पर मंदसौर नागरिक मंच द्वारा चलाए जा रहे पोस्टकार्ड अभियान के नौवें दिन बडे साथ ओसवाल जैन समाज और माली समाज के महानुभाव शामिल हुए। अभियान में बडे साथ ओसवाल समाज महिला मंडल की सदस्याएं भी इस अभियान में सम्मिलित हुई।

इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार श्री महावीर अग्रवाल ने कहा कि मंदसौर को संभाग बनाने की मांग बिल्कुल वाजिब है। भविष्य में जावरा और गरोठ जिले बनते हैं तो मंदसौर संभाग मुख्यालय होने से इन नए जिलों को भी लाभ मिलेगा। नगर के नागरिकों और सामाजिक संगठनों के साथ ही जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों को भी इस अभियान में शामिल होना चाहिए। वरिष्ठ समाजसेवी विजय सुराणा ने कहा कि मंदसौर को संभाग बनाने से इस क्षेत्र में विकास के नए पंख लगेंगे और हर वर्ग को उसका लाभ मिलेगा। इसलिए इस क्षेत्र की जनता की भावना और क्षेत्र के बेहतर भविष्य के लिए मंदसौर को संभाग बनाया जाना चाहिए। वरिष्ठ समाजसेवी फकीरचंद सैनी ने कहा कि मंदसौर यदि संभाग बनता है तो व्यापारी वर्ग औद्योगिक क्षेत्र और सर्वहारा वर्ग को इसका लाभ मिलेगा। मंदसौर का अवरुद्ध विकास गति पकडेगा और सभी के लिए सुविधाप्रद स्थितियां बनेंगी। नगर पालिका पूर्व अध्यक्ष श्रीमती कुसुम गुप्ता ने कहा कि मंदसौर नगर के नागरिकों की यह मांग समयोजित और न्याय संगत है मध्यप्रदेश सरकार को मंदसौरवासियों की मांग को स्वीकार कर मंदसौर को संभाग बनाने की घोषणा करना चाहिए। श्रीमती पायल जैन ने कहा कि मंदसौर को संभाग बनाना इस क्षेत्र के बेहतर भविष्य का निर्माण करना है, नई पीढी को कई स्वर्णिम उपलब्धियाँ मंदसौर को संभाग बनने से प्राप्त हो सकती है। पोस्टकार्ड अभियान के नौवें दिन बडे साथ ओसवाल समाज महिला मंडल की सदस्यायें श्रीमती पायल जैन, शिखा जैन, प्रियंका जैन, सीमा चौरडिया, अमित मुरडिया, नेहा भंडारी, सोनू चोरडिया, आभा दुग्गड, शिखा दुग्गड ,सुनीता खाबिया, कविता लोढा, मीना पारीक, नीता जैन, दीपा बाफना, निशा कोठीफोडा आदि सम्मिलित हुईं। माली समाज के सर्वश्री फकीरचंद सैनी, रमेशचंद्र सैनी, कन्हैयालाल नेनवा, राधेश्याम राठौर, मुकेश गेहलोद, निरंजन चंदेल, विनोद भाटिया, नमन भाटिया, श्रीमती पुष्पा गौड, प्रदीप भाटी तथा रवींद्र शर्मा, समाजसेवी जगदीश चौधरी, योगेश गुप्ता, कमल कोठारी, जयंत तारे, सुरेश देवड़ा, शंभूसेन राठौर, हामिद खान जैदी आदि अन्य भी कई महानुभाव सम्मिलित हुए।

अभियान के 9वें दिन माली समाज के संरक्षक फकीरचंद सैनी और माली समाज के उपस्थित महानुभावों ने समन्वयक ब्रजेश जोशी को 1000 पोस्ट कार्ड इस अभियान हेतु भेंट किए। पोस्टकार्ड अभियान में प्रतिदिन अपनी सेवाएं देने वाले सामाजिक कार्यकर्ता अजीजुल्लाह खान खालिद, बंशीलाल टॉक, राधेश्याम मालवीय, सीमा चौरडिया ने बताया कि आमजन मंदसौर को संभाग बनाने के इस अभियान में काफी उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। यह जानकारी कार्यालय प्रभारी प्रदीप भाटी ने दी है।

**आज सकल जैन समाज और रोटरी क्लब होंगे अभियान में शामिल–** मंदसौर नागरिक मंच के समन्वयक नरेंद्र अग्रवाल व ब्रजेश जोशी ने बताया कि पोस्टकार्ड अभियान के 10 में दिवस 11 अक्टूबर शुक्रवार को सकल जैन समाज और रोटरी क्लब के प्रतिनिधिगण सम्मिलित होंगे।

# उत्कृष्ट विद्यालय में पालक शिक्षक संघ की बैठक सम्पन्न

**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शा. उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर में त्रैमासिक परीक्षा उपरांत शिक्षण सत्र 2024-25 की द्वितीय पालक शिक्षक संघ की बैठक का आयोजन विद्यालय में दिनांक 10 अक्टूबर, गुरुवार को किया गया है। बैठक में विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष सह जिला कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग मार्गदर्शन हेतु उपस्थित रही।

कलेक्टर श्रीमती गर्ग द्वारा सभी पालकों एवं विद्यार्थियों को शिक्षा पर विशेष ध्यान देते हुए स्मरण रखने की तकनीक पर जोर देने की बात कही गई। सभी छात्रों को स्वस्थ प्रतियोगिता, सफलता की ललक एवं निरंतर प्रयास करते रहने के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थी जीवनरूपी वृक्ष की जडे घर परिवार से पोषित होती है और विद्यालय की शिक्षा इस वृक्ष को सिंचित करती है। शिक्षा घर से ही प्रारम्भ होती है, अतः सभी पालकगणों को विद्यालय में हो रही गतिविधियों एवं शिक्षण कार्य में अपना सहयोग निरंतर करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में त्रैमासिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एवं साथ ही विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित निबंध, चित्रकला और स्लोगन प्रतियोगिता में जिला स्तर पर उत्कृष्ट विद्यालय मंदसौर के विद्यार्थियों ने सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया था जिन्हें कलेक्टर द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी मंदसौर श्री लोकेन्द्र डाबी एवं लगभग 350 पालकगण ने उपस्थित होकर सहभागिता की। बैठक में उपस्थित पालकों ने विद्यालय संचालन में आ रही कुछ समस्याओं से प्राचार्य एवं शिक्षकगणों को अवगत करवाया विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनीता प्रधान ने सभी पालकों की समस्याओं के निराकरण के लिए आश्वस्त किया। अंत में विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनीता प्रधान ने सभी का आभार व्यक्त किया।



## दुर्घटना के डेढ़ माह बाद प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** ट्राले की टक्कर से बाइक सवार दम्पत्ति के घायल होने के डेढ माह बाद पुलिस ने केस दर्ज किया। जानकारी के अनुसार हथुनिया (प्रतापगढ) निवासी हुबाब खान अपनी पत्नी रिहाना के साथ 18 अगस्त 2024 बाइक (आरजे 35 एसए 1459) से नीमच रिश्तेदारी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद हथुनिया जा रहे थे, इसी दौरान मल्हारगढ कच्छा पंप के आगे ट्राला (एनएल 01 एएच 6525) के ड्राइवर ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद मंदसौर भर्ती कराया था। दोनों को गंभीर चोटें आई थी। मल्हारगढ पुलिस ने आबिद पठान की रिपोर्ट पर ट्राला ड्राइवर पर केस दर्ज किया।

## किसान को पीटा, मामला दर्ज

**पिपलियामंडी, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** किसान ने किसान को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। खेरखेडा निवासी यशवंत पिता कारूलाल गुर्जर ने मल्हारगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि दोपहर खेत गया तो खेत का पडोसी गोकुल पिता नाथूलाल बारीवाल बोला कि मेरी सोयाबीन तू क्यों एकत्रित कर रहा है। गोकुल ने गाली-गलौज की व लात-घुसों से पीटा। जिससे खून निकलने लगे। पुलिस ने गोकुल पर केस दर्ज किया।

# दशहरा उत्सव की तैयारी चरम पर, आज कालेज मैदान में खड़े किए जाएंगे तीनों पुतले

**हनुमान चालीसा पाठ के दौरान चरण पादुका खोलने का आव्हान, प्रवेश द्वार पर गायत्री परिवार लगाएगा कुमकुम-चन्दन तिलक**

**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में विजयदशमी पर्व 12 अक्टूबर शनिवार को कॉलेज ग्राउंड में संध्या 6.30 बजे से आयोजित होने वाले भव्य दशहरा उत्सव की तैयारी पूरे चरम पर चल रही है।

उत्सव समिति के अध्यक्ष डॉ. भानु प्रताप सिंह सिसोदिया ने बताया कि आज 11 अक्टूबर शुक्रवार को रावण मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों को कॉलेज मैदान में खड़ा किया जाएगा। कॉलेज मैदान में विजयदशमी पर्व पर हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ का भी अभिनव आयोजन होने जा रहा है पं. दशरथ भाई शर्मा और संस्कृत पाठशाला के बटुक मंत्रोचार के साथ हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ संपन्न कराएंगे। डॉ. सिसोदिया ने आम जनों से निवेदन किया है कि जब कॉलेज मैदान में दशहरा उत्सव के अंतर्गत हनुमान चालीसा का पाठ हो तब अपने चरण पादुकाएं जरूर उतार दें। उन्होंने बताया कि मैदान में हनुमान जी का एक बड़ा स्टेचू भी स्थापित किया जा रहा है दशहरा उत्सव में सम्मिलित होने वाले प्रत्येक व्यक्ति को कुमकुम चंदन का तिलक लगाया जाएगा यह दायित्व गायत्री परिवार द्वारा निभाया जाएगा 30 सदस्यों की टोली सभी के मस्तक पर कुमकुम तिलक लगाएगी। साथ ही इस बार एक और नवाचार यह किया जा रहा है कि हर घर से बच्चे और युवा हनुमान बनकर दशहरा उत्सव में शामिल हों यह भी आव्हान किया गया है। डॉ.सिसोदिया ने समिति के समस्त सदस्यों से आग्रह किया है कि 11 अक्टूबर को तीनों पुतलों को कॉलेज मैदान में खड़ा किया जाएगा इस मौके पर सहयोग के लिए सभी यहां एकत्र होंवे। उल्लेखनीय है कि विजयदशमी पर्व पर कॉलेज मैदान में मालवांचल का सबसे भव्य दशहरा उत्सव जिसमें रावण का 71 फीट और मेघनाद और कुंभकरण के 41- 41 फीट के पुतले जलाए जाएंगे। रावण की गर्दन घूमेगी तलवार वाला हाथ चलेगा, आंखें झपकेगी। भव्य आतिशबाजी के नजारे भी दशहरा उत्सव के खास आकर्षण रहेंगे। समिति अध्यक्ष डॉ. सिसोदिया में नगर और अंचल के नागरिकों से सपरिवार इष्टमित्रों सहित अधिक से अधिक संख्या में दशहरा उत्सव में सम्मिलित होने का आह्वान किया है।



## संदिग्ध परिस्थिति में 3 गिरफ्तार

**पिपलियामंडी, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने बंद पड़े ढाबे में बैठे संदिग्ध परिस्थितियों में तीन आरोपियों को पकड़ा। इनके पास से जहरीली शराब भी जब्त की। पिपलिया पुलिस ने बीती रात्रि महू-नीमच हाईवे पर बंद पड़े कालका ढाबे के अंदर बैठे तीन युवकों को पकड़ा। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपनी पहचान राजस्थान के खैरतल जिले के तिजारा थाना क्षेत्र के गांव फुलवासा निवासी मोहम्मद केफ (21) पिता आसु मेव, मुसेपुर निवासी आशिफ (22) पिता आजाद मेव व साबिर (25) पिता खुर्शीद मेव होना बताई। आररोपियों के पास से 5 लीटर जहरीली शराब भी जब्त की।

# दादूपंथी परमार्थ संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कानून मंत्री मेघवाल का आभार माना

**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दादूपंथी परमार्थ संघ के सदस्यों के प्रतिनिधि मंडल ने एडवोकेट मनीष दादूपंथी के नेतृत्व में केंद्रीय विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से उनके दिल्ली स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट की तथा भारत सरकार द्वारा नवीनतम केंद्रीय कानून भारतीय न्याय संहिता भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम मे अमूल्य संशोधन कर लागू करने पर मंत्री श्री मेघवाल का आभार व्यक्त किया। एडवोकेट मनीष दादूपंथी ने बताया कि वर्षों सें चले आ रहे हैं कानून में संशोधन से त्वरित एवं सुलभ न्याय संभव होगा तथा लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण को गति मिलेगी। परमार्थ संघ के सदस्यों ने परमार्थ संघ द्वारा चलाए जा रहे बालक बालिकाओं के कल्याण के कार्य एवं समाज की उन्नति एवं प्रगति के लिए किया जा रहे सेवा कार्यों तथा जागरूकता संगोष्ठियों से अवगत कराया। उपरोक्त जानकारी दादूपंथी परमार्थ संघ के प्रवक्ता जितेंद्र स्वामी ने दी।



# जिले में औद्योगिक निवेश के लिए अपार संभावनाएं है, निवेशक आगे आए-चंद्रा

**नीमच, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नीमच जिले के औद्योगिक निवेश के लिए उद्योग विभाग के पास पर्याप्त भूमि एवं भूखण्ड औद्योगिक क्षेत्रों में उपलब्ध है। टेक्सटाईल उद्योग, मसाला उद्योग, फूड प्रोसेसिंग उद्योगो की स्थापना के लिए जिले में सुविधाएं उपलब्ध है। निवेशक जिले में नवीन उद्योग स्थापित करने और निवेश के लिए आगे आए। उन्हें शासन द्वारा हर सम्भव सहयोग किया जावेगा। यह बात कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में उद्योगपतियों, उद्योग संघ पदाधिकारियों, व्यापारियों, व्यसवसाईयों और अधिकारियों की बैठक में चर्चा करते हुए कही। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, महाप्रबंधक उद्योग श्री अमरसिह मौरे सहित कृषि, उद्यानिकी, मण्डी , एम.पी.आई.डी.सी. सहित अन्य अधिकारी, उद्योग संघ अध्यक्ष श्री अशोक चौरडिया भी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ने कहा, कि मनासा क्षेत्र के देवरी खवासा में टेक्सटाईल उद्योग के लिए पर्याप्त जमीन एवं पानी की सुविधा उपलब्ध है। झांझरवाड़ा व बामनबर्डी के औद्योगिक क्षेत्र में भूखण्ड उपलब्ध है। कलेक्टर ने उपस्थित निवेशकों, उद्योगपतियों, व्यापारियों से चर्चा में कहा, कि वे महाप्रबंधक उद्योग एवं एमपीआईडीसी के अधिकारियों के साथ चर्चा कर, उपलब्ध औद्योगिक भूखण्डों के बारे में भी जानकारी लेकर नवीन उद्योग स्थापित करने के लिए आगे आएं। शासन, प्रशासन द्वारा उन्हेंर हर संभव सहयोग किया जावेगा तथा सुविधाएं मुहैया करवाई जावेगी। बैठक में आगामी दिनों में जिला स्तर पर औद्योगिक विकास एवं नवीन उद्योग स्थापित करने के संबंध में प्रस्तावित कार्यशाला के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही इस कार्यशाला में समीपस्थ जिलों के निवेशकों, राज्य स्तरीय कलस्टरों के निवेशकों, प्रगतिशील किसानों और मण्डी व्यापारियों को नवीन उद्योग स्थापित करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कार्यशाला में आमंत्रित करने के संबंध में चर्चा की गई।



# श्री बड़वाले बालाजी मंदिर पर आयोजित हुआ श्री सीताराम महोत्सव

**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नालछा माता मंदिर रोड पर स्थित अति प्राचीन व चमत्कारी श्री बड़वाले बालाजी मंदिर पर श्री सीताराम महोत्सव आयोजित किया गया। यहां पर बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर सभी की सुख समृद्धि की कामना को लेकर महाहवन में आहूति दी। महाआरती पश्चात् प्रसाद वितरित किया गया।

मंदिर सेवक दलपतसिंह पंवार ने बताया कि श्री बड़वाले बालाजी मंदिर वर्षो पुराना मंदिर है। यहां विराजित बालाजी भक्तों के दुख हरते है। श्री सीताराम महोत्सव में विधि विधान से आयोजित महाहवन में भक्तों ने आहुति देकर सुख समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर ज्योतिष गुरू विनोद रूनवाल, अनिल सुराह, कपिल सोलंकी, गोविन्द नागदा, महेन्द्रसिंह सिसौदिया, रवि माईकल, शिवशंकर सोलंकी, कमल कण्डारे, लक्षराजसिंह सिसौदिया, रवि ग्वाला सहित अनेक श्रद्धालुओं ने हवन में पूर्णाहुति दी। उक्त जानकारी रवि ग्वाला ने दी।



## मारपीट, 9 पर क्रास प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट करने के मामले में 9 आरोपियों पर क्रास केस दर्ज किया। खेरखेड़ा निवासी कमलेश पिता रामसिंह गुर्जर ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई यशवंत गुर्जर के खेत पर झगड़ा हो रहा था, मैं वहां गया तो वहां गौजूद रिपोर्ट लिखवाने का आरोप लगाकर गोकुल, रामचन्द्र, बबलू, विष्णुबाई व पूजा ने मिलकर गाली-गलौज की व मारपीट की। हाथ पर दरांती की मारी, जिससे चोंट आई। पुलिस ने पांचों आरोपियों पर केस दर्ज किया।इसी तरह गोकुल पिता नाथूलाल बारीवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि यशवंत, कमलेश, दीपेश व कान्हा ने अकारण गाली-गलौज की व पत्थर फेंके, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

## हायर सेकेंडरी स्कूल डिगांवमाली में नि:शुल्क साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न

**डिगांवमाली, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** हायर सेकेंडरी स्कूल डिगावमाली में कक्षा 9वी में बाहर गांव से आने वाले छात्र-छात्राओं को शासन द्वारा प्रदत्त नि:शुल्क प्रदान की गई

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री बसंत जी शर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत मंदसौर द्वारा छात्रों को माला पहनाकर सम्मानित करते हुए 44 साइकिल प्रदान की गई उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजना में इस योजना का उद्देश्य है कि छात्र-छात्राएं विशेष कर बालिकाएं अपनी पढ़ाई बीच में नहीं छोड़े अपने गांव के समीप के हायर सेकेंडरी स्कूल में जाकर अपनी पढ़ाई निरंतर जारी रखें उनके द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया तथा छात्र-छात्राओं को परिवार व समाज में संस्कारित एवं चरित्रवान रहने के लिए आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य श्री जीवन कुमार शर्मा व स्टाफ सदस्य श्रीमती सपना कविश्वर सुश्री माया लचेटा श्री अनवर अहमद खान श्रीमती अनीता सिंगार श्रीमती विशाखा बामनिया श्रीमती प्रतिभा राठौर श्रीमती प्रियंका तंवर श्री गोपाल प्रजापति एवं गांव की गणमान्य नागरिक तथा पालक उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन संस्था के वरिष्ठ उच्च माध्यमिक शिक्षक श्री गणेश राम ढोंचावत ने किया।



## निर्वाचक नामावली का प्रारूप प्रकाशन 29 को

**नीमच, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 के कार्यक्रम अंतर्गत 29 अक्टूबर को निर्वाचक नामावली के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन से मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, संशोधन करवाने और नाम हटवाने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। ऑनलाइन और ऑफलाइन के माध्यम से 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा सकते हैं। नाम जुड़वाने, हटवाने और संशोधन की प्रक्रिया के बारे में अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक होकर, मतदाता सूची में अपने नाम जुड़वाएं।

## आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का किया प्रदर्शन

**पिपलियामंडी, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** 2 से 11 अक्टूबर तक जिले में चल रहे शक्ति अभिनंदन कार्यक्रम के तहत डेफोडिल्स स्मार्ट स्कूल गुड़भेली में महिला बाल विकास विभाग एवं खेल विभाग के ने आयोजन किया गया। जिसमें बालिकाओं ने पीटीआई शुभम पाटीदार के मार्गदर्शन में आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्ट का प्रदर्शन किया। महिला बाल विकास पर्यवेक्षक भागवन्ती पाटीदार ने बाल विवाह, गुड टच, बेड टच, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर तथा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी। खेल और युवा कल्याण विभाग मंदसौर के विकासखंड समन्वयक गोपाल धनगर ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के बारे में समझाया व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ एवं हस्ताक्षर करवाये। डेफोडिल्स स्मार्ट स्कूल के डायरेक्टर विनोद शर्मा सहित स्टाफ उपस्थित रहा। आभार प्रिया आसवानी ने माना।

**✻✻ जाहिर सूचना ✻✻**

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में नाम पियूष सिंह था जिसे मेरे द्वारा अपने नाम को सभी दस्तावेज के अनुसार सही कराने बाबत आवेदन किया। मेरा सही नाम पियूष सिंह चौहान पिता नारायण सिंह निवासी धनधोड़ा तह जिला मंदसौर है। मेरे समस्त व्यवहार इसी नाम से किए जाए।

पियूष सिंह चौहान पिता नारायण सिंह निवासी धनधोड़ा तह-जिला मंदसौर

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 652 | 1937 | 2531 |
| उडद | 85 | 4953 | 6799 |
| सोयाबीन | 4100 | 3600 | 4700 |
| गैहु | 2316 | 2700 | 3310 |
| चना | 110 | 6250 | 7000 |
| मसुर | 55 | 5276 | 5971 |
| धनिया | 160 | 5101 | 6941 |
| लहसुन | 9800 | 18000 | 36000 |
| मैथी | 350 | 5111 | 6026 |
| मुंगफली | 1600 | 3900 | 5251 |
| अलसी | 720 | 5511 | 6198 |
| सरसो | 111 | 5657 | 5949 |
| तारामीरा | 0000 | 00000 | 00000 |
| इसबगोल | 22 | 10000 | 13180 |
| प्याज | 916 | 1060 | 4201 |
| कलोंजी | 3 | 12001 | 17699 |
| तुलसी बीज | 1 | 22200 | 22200 |
| डॉलर | 47 | 9712 | 12391 |
| तिल्ली | 38 | 10000 | 12701 |
| जौ | 46 | 2400 | 2600 |
| मटरसुखी | 5 | 3600 | 5400 |
| असालीया | 35 | 10600 | 13000 |
| मूंग | 0000 | 00000 | 00000 |

# 10वीं, 12वीं के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत से अधिक रहे-चन्द्रा

**कलेक्टर ने विद्यालयों के त्रैमासिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा की, परिणामों में सुधार लाने के दिए निर्देश**

**नीमच, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले के सभी विद्यालयों में सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए सभी शिक्षक विशेष प्रयास करे। कक्षा 10वीं एवं 12वीं के सभी विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम 95 प्रतिशत से अधिक रहे। यह निर्देश कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा ने गुरूवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष नीमच में जिले के सभी सी.एम.राईज एवं पी.एम. श्री विद्यालयों और अन्य शासकीय विद्यालयों के त्रैमासिक टेस्ट के आधार पर कक्षावार परिणामों की समीक्षा करते हुए दिये। कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि सभी विद्यार्थी ए ग्रेड में रहे कोई भी विद्यार्थी ए ग्रेड से नीचे ना रहे। उन्होंने स्कूल प्राचार्यों, बी.आर.सी., पी.एम.श्री विद्यालयों के प्राचार्यो को निर्देश दिए, कि मासिक एवं त्रैमासिक टेस्ट के आधार पर कमजोर बच्चों का आंकलन कर परीक्षा परिणाम एवं ग्रेड में सुधार लाए। उन्होंने कहा, कि सी.एम.राईज एवं पी.एम.श्री विद्यालय का कोई भी विद्यार्थी ए ग्रेड से नीचे न रहे।

**शिक्षकों के रिक्त पदों पर वैकल्पिक व्यवस्था करे–** कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा ने सभी सी.एम.राईज एवं पी.एम.श्री विद्यालयों में पदस्थ शिक्षकगणों के रिक्त पदों की जानकारी ली। उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया, कि वे विद्यालयों में रिक्त विभिन्न विषयों के शिक्षकगणों के पदों का आंकलन कर, शिक्षकों की वैकल्पिक व्यवस्था कर पदस्थापना करवाए, जिससे कि अध्यापन कार्य प्रभावित न हो। जिला शिक्षा केंद्र द्वारा संचालित गतिविधियों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए, कि प्रतिमाह निर्धारित लक्ष्य अनुरूप डी.पी.सी., ए.पी.सी., बी.आर.सी. एवं सी.एस.सी. अपने क्षेत्र के शत-प्रतिशत विद्यालयों का भ्रमण, निरीक्षण कर, विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के विशेष प्रयास करे। परीक्षा परिणामों में सुधार लाये। कलेक्टर ने मासिक टेस्ट के आधार पर संतोषजनक परिणाम नहीं पाए जाने वाले सीएम राईज सिंगोली के प्राचार्य, चल्दू के प्राचार्य एवं संबंधित बी.आर.सी.जावद को कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश भी जिला शिक्षा अधिकारी को दिए। बैठक में कलेक्टर ने पी.एम.श्री विद्यालयों एवं सी.एम.राईज विद्यालयों में फिजिक्स, गणित एवं केमेस्ट्री की आधुनिक लैब, अटल टिकरिंग लैब स्थापित करने, इन विद्यालयों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेन्स, ए.आई. अध्यापन की सुविधा उपलब्ध कराने के संबंध में भी प्राचार्यों सें चर्चा की।





## हतुनिया की एक हेक्टेयर शासकीय जमीन से हटाया अतिक्रमण

**नीमच, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** तहसीलदार रामपुरा श्री मुकेश निगम ने बताया, कि कलेक्टर श्री हिमांशु चन्द्रा के निर्देशानुसार रामपुरा तहसील के ग्राम हतुनिया के शासकीय सर्वे नम्बर 1128 की 1.820 हेक्टेयर में से एक हेक्टेयर भूमि पर से अवैध अतिक्रमण हटावा दिया गया हैं। राजस्व निरीक्षक, पटवारी एवं कोटवारों के दल ने गुरूवार को ग्राम हतुनिया में मौके पर जाकर, 7 लाख 20 हजार 800 रूपये बाजार मूल्य से अधिक की शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया हैं।


उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी अतिथि गण।


1 अक्टूबर को वात्सल्य धाम में वस्त्र वितरीत किये गये।


2 अक्टूबर को अपना घर में शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया।

# फ्रिअस फ्लायर्स फाउंडेशन का गरिमामय कार्यक्रम में शुभारंभ

**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। फ्रिअस फ्लायर्स फाउंडेशन एनजीओं का 7 अक्टूबर को एक गरिमामय कार्यक्रम में भव्य शुभारंभ हुआ। शुभारंभ से पूर्व फाउंडेशन ने सेवा सप्ताह मनाया जिसके अंतर्गत 1 अक्टूबर से लेकर 6 अक्टूबर विभिन्न स्थानों पर अनेक गतिविधियां सचांलित कि गई।**

फाउंडेशन के अध्यक्ष दिनेश बैरागी, उपाध्यक्ष मुमताज आलम अंसारी, कोषाध्यक्ष मुकेश पाटीदार, सचिव डॉ ओम बैरागी और संयुक्त सचिव बालाराम धाकड ने बताया कि फ्रिअस फ्लायर्स फाउंडेशन एनजीओं नवनिर्मित सामाजिक संस्था है जो समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करता है। इस संस्था का दिनांक 07 अक्टूबर 2024 सोमवार को मुख्य अतिथि व विशेष अतिथियों व संस्था के सभी सदस्यों द्वारा भव्य शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री मति दुर्गा डॉ विजय पाटीदार जिला पंचायत अध्यक्ष मंदसौर, विशेष अतिथि - श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर नगर पालिका अध्यक्ष, मंदसौर, प्रियंका राजोरा वात्सल्य धाम प्रबंधक, सीमा नागर विधिक न्यायालय वॉलिंटियर, किरण वैष्णव ग्रह मंत्रालय एसएसएफ, राजेश नामदेव रेडक्रॉस समिति सदस्य, डॉ. विजय गिर और डॉ गोविंद वैष्णव उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार ने कहा कि फ्रिअस फ्लायर्स फाउंडेशन समाजसेवा के क्षेत्र में आगे बढे और जरूरतमंदों की मदद करता रहें यही हमारी शुभकामनाएं है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुर्जर ने कहा कि फ्रिअस फ्लायर्स फाउंडेशन नवगठित संस्था है मेरी शुभकामनाएं है कि संस्था अपने उद्येश्यों में सफल हो और मानव सेवा में लगी रहें। इस आयोजन में बडी मात्रा में लोगो ने आकर शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर संस्था के सदस्य सुनिल शर्मा, सुनील कुमार, अशोक कुमार यादव, जगदीश चंद्र बैरागी, प्रदीप ठन्ना, भारत सिंह, विजय बैरागी, कमलेश बैरागी, पंकज सोनी, अनिल टेलर, लक्की शर्मा, विक्रम बैरागी, रमेशचंद्र गहलोत, सुरेश बैरागी, हरिओम धाकड सहित फ्रिअस फ्लायर्स फाउंडेशन के सभी सदस्य उपस्तिथि में एनजीओं का भव्य शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप ठन्ना ने किया। समापन पर एफएफएफ परिवार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

Contact number- 9893341237, 9981621236, 7869860933, 9981721237, 9039181238


3 अक्टूबर को पौधारोपण किया गया।


4 अक्टूबर को ग्राम सिंदपन मे लगाया निःशुल्क चिकित्सा शिविर।


5 अक्टूबर को फतेहगढ़ में शासकीय माध्यमिक विद्यालय में शैक्षणिक सामग्री का वितरण किया।


6 अक्टूबर को गौशाल में गौ वंश को आहार कराया।

# गोडाउन की दिवार तोड़ बनाए दरवाजे

## साफ करने की मशीन से निकलने वाला लहसुन का कचरा छोड़ा जा रहा था सड़क पर, नप व मंडी टीम ने बंद कराया

**पिपलियामंडी, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी व राजीव गांधी उद्यान के बीच अयोध्या बस्ती जा रहे मार्ग पर लहसुन का कचरा उडाकर प्रदूषण करने वाले 8 व्यापारियों द्वारा अवैध रुप से गोडाउन की दिवार तोड़कर पीछे से खोले गए दरवाजों को नगर परिषद् व कृषि मंडी टीम ने बंद कराया व बुलडोजर से मार्ग पर जमा लहसुन कचरे को साफ कराया। जानकारी के अनुसार करीब आठ मंडी व्यापारियों ने कुछ वर्षों पूर्व अवैध रुप से गोदाम के पीछे दिवार तोड़कर दरवाजे व पाइप लगा दिए थे। वहीं लहसुन साफ करने की मशीन से निकलने वाले पाइप के जरीये लहसुन का कचरा राजीव गांधी उद्यान के पास अयोध्या बस्ती जा रही सड़क पर छोड़ा जा रहा था। जिससे काफी कचरा जमा हो गया था, राहगीर परेशान थे, इसकी शिकायत भी की जा रही थी। सड़क पर कचरा उडाने पर नगर परिषद् ने कई बार व्यापारियों को नोटिस जारी किया था। वहीं गोदाम के पीछे अवैध रुप से खोले गए दरवाजे बंद करने के लिए मंडी प्रशासन ने भी नोटिस जारी किए थे, लेकिन व्यापारियों द्वारा दरवाजे बंद नही किए और लहसुन कचरा उड़ाना भी बंद नही किया। गुरुवार को नगर स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर सुनील देवरिया, मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रवीण सेन, कस्बा पटवारी ओमप्रकाश पाटीदार, कृषि मंडी इंस्पेक्टर कमलेश जैन, पार्षद बलराम सोलंकी, नगर परिषद् कर्मचारी महावीर जैन, स्वच्छता निरीक्षण दिनेश चौहान, अजय राठौर आदि की उपस्थिति में स्वच्छता अभियान के तहत कचरे को बुलडोजर से साफ कराया। वहीं अवैध रुप से खोले गए दरवाजों को ताले लगाकर बंद किए।


**दानराशि गणना** - श्री पशुपतिनाथ मंदिर की दान पात्र से प्राप्त दान राशि की गणना का कार्य में पहले दिन 12 लाख 24 हजार 500 रु। दूसरे दिन दिनांक 10 अक्टूबर 6 लाख 79 हजार 713 रु प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 19 लाख 4 हजार 213 रुपए प्राप्त हुए। भडार में चांदी के छोटे छोटे आइटम 40 ग्राम, विदेशी मुद्रा में 2 सिक्के प्राप्त जिसमे 1 अफ्रीका एवं 1 कुवेत का निकला।

## पालक शिक्षक संघ की बैठक संपन्न

**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में उत्कृष्ट स्कूल मंदसौर में पालक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान कलेक्टर श्रीमती गर्ग ने कहा कि सभी पालक विद्यालय में संचालित गतिविधियों एवं शिक्षण कार्य में सहयोग प्रदान करें।कार्यक्रम में त्रैमासिक परीक्षा में प्रथम स्थान, विश्व पर्यटन दिवस पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता, चित्र लेखन एवं स्लोगन प्रतियोगिता में जिला स्तर पर उत्कृष्टविद्यार्थियों को सम्मानित किया गया । इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी श्री लोकेश डाबी, शिक्षक, शिक्षिकायें एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## शक्ति अभिनंदन अभियान अंतर्गत मार्शल आर्ट प्रदर्शन का आयोजन

**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** महिला एवं बालिका सशक्तिकरण जागरूकता हेतु शक्ति अभिनंदन अभियान अंतर्गत आज महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जनता कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बरखेड़ा लोया में मार्शल आर्ट प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे मार्शल आर्ट कोच व टीम के द्वारा मार्शल आर्ट का प्रदर्शन कर बालिकाओं को आत्मरक्षा हेतु आक्रामक व रक्षात्मक शैली का प्रशिक्षण दिया गया।


### ✻ उठावना ✻

अनिल मसानिया व अंतिम मसानिया के पिताजी, कमल मसानिया, किशोर मसानिया, रमेश मसानिया, नंदलाल मसानिया, लक्ष्मण मसानिया, मनोहर मसानिया के काकाजी, किशन, कैलाश, अशोक के बड़े पापा एवं कुंदन, चंदन, अंकित, ईश्वर, अर्जुन, रामपाल, शेखर, अनिल, अंश, अतिन्द्र, प्रद्युम्न, अमर एवं अनुज के दादादी एवं देव, हार्दिक, गौरव, वैभव, अनुप के पड़दादाजी श्री मदनलालजी मसानिया का स्वर्गवास दिनांक 9 अक्टूबर को हो गया है। जिनका उठावना 11 अक्टूबर, शुक्रवार को सायं 6 बजे निवास स्थान बसेर चौक, मंदसौर पर रखा गया है।



✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻
**अनिल मसानिया, अंतिम मसानिया व मसानिया परिवार**





## बालिकाओं को वन स्टॉप सेंटर मंदसौर एवं महिला थाना एक्सपोजर विजिट करवाई

**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस सप्ताह आयोजन 2 से 11 अक्टूबर 2024 के उपलक्ष्य में महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल मंदसौर की बालिकाओं का एक्सपोजर विजिट वन स्टॉप सेंटर मंदसौर एवं महिला थाना मंदसौर का करवाया गया। कार्यालय के कार्यों एवं पीडितों को दी जाने वाली सेवाओं के संबंध में बालिकाओं को अवगत कराया गया। बालिकाओं द्वारा रुचि लेकर उत्साह के साथ दोनों कार्यालयो की कार्यप्रणाली को समझाया गया। इस दौरान सहायक संचालक श्री पीसी चौहान, परियोजना अधिकारी मंदसौर शहर बी आर मुजाल्दे, ममता हेल्थ फाउंडेशन एंड मदर एंड चाइल्ड केयर संस्था की ओर से श्री सोनिक मिश्रा प्राचार्य श्री के सी सोलंकी आदि उपस्थित थे।

## अफीम नीति 2024-25 में किसान हितों का ध्यान रखा जाए-सांसद



**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दिल्ली स्थित वित्त मंत्रालय में अफीम किसानों की मांगों को लेकर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी जी की अध्यक्षता में 'अफ़ीम खेती नीति 2024 - 25' की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सांसद सुधीर गुप्ता ने अफीम नीति वर्ष 2024—25 को समय से लागू करने एवं उसमें किसान के हितों को ध्यान में रखना पर अधिकारियों एवं मंत्री का ध्यान आकर्षण किया। उन्होंने कहा कि नई अफीम नीति जल्द जारी की जाए क्योंकि अफीम की फसल काफी संवेदनशील है इस पर कई बार मौसम का भी असर देखने को मिलता है और इसके कई बार प्रतिकूल प्रभाव भी पढ़ते हैं क्योंकि इस फसल में किसान को पहले खेत तैयार करने एवं शासकीय नियमों के अंतर्गत भी गुजरना पड़ता है इसलिए समय से इसकी घोषणा होने पर किसान को पर्याप्त समय मिल सके। वहीं उन्होंने पूर्व में दिए हुए किसान हितेषी नियमों को भी उसमें संलग्न करने के लिए वित्त मंत्री से अनुरोध किया ।

बैठक में अफीम खेती से जुडे विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया, जिसमें किसानों के हितों की रक्षा, उत्पादन में सुधार और इसके सही उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत उपायों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस अवसर पर चित्तौड़ सांसद सीपी जोशी, उदयपुर सांसद मन्नालाल रावत, अतिरिक्त सचिव वित्त मंत्रालय राजस्व, संयुक्त सचिव राजस्व, आयुक्त नारकोटिक्स, निदेशक नार्कोटिक्स और नारकोटिक्स विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न



**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्रीमती अदिती गर्ग की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना क्रियान्वन हेतु जिला स्तरीय समिति की बैठक सुशासन भवन सभागृह में आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दुर्गा विजय पाटीदार, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन एवं गांव के सरपंच मौजूद थे।

बैठक के दौरान सरपंचों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के बारे में जानकारी दी। इस योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होता है। इसमें सरकार द्वारा सब्सिडी प्रदान की जाती हैं। इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार करें। गांव-गांव में बैठक आयोजित करें। 5 हजार से अधिक आबादी वाले सभी गांव में 6 माह तक प्रतिस्पर्धा कराई जाएगी। जिस ग्राम की प्रगति सबसे अच्छी होगी उसका चयन आदर्श सौर ग्राम के रूप में किया जाएगा। कुसुम योजना अंतर्गत कृषक या समूह के द्वारा भी सोलर लगाई जा सकती है इसके लिए भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## जिले में हाईड्रोपोनिक से संबंधित प्रोजेक्ट तैयार कर प्रस्तुत करें-कलेक्टर

**नीमच, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** आत्मा गवर्निंग बोर्ड की बैठक कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्टर सभाकक्ष नीमच में आयोजित की गई। बैठक में आत्मा योजनांर्तगत खरीफ की प्रगति से अवगत कराया तथा आगामी रबी हेतु कार्य योजना प्रस्तुत की गई। बैठक में परियोजना संचालक आत्मा ने खरीफ में आयोजित प्रशिक्षणों के परिणामों के बारे में बताया, कि गंधक एवं जिंक की जिले में कमी है, जिसकी पूर्ति करने से उपज में बढ़ोतरी होती है। बैठक में गेहूं की नई किस्म एचआई 1634 पूसा अहिल्या पर प्रदर्शन आयोजित करने के बारे में अवगत कराया। जिले में लहसून और गेहूं पर फार्म स्कूल संचालित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने नवाचार के लिए पीटीजन फार्मिंग हेतु 300 कृषकों का चयन करने, ड्रोन से उर्वरक स्प्रे के लिए भी वातावरण निर्मित कर, किसानों को प्रेरित करने के उप संचालक कृषि को निर्देश दिए। कलेक्टर ने परियोजना संचालक आत्मा को हाईट्रोपोनीक से संबंधित प्रोजेक्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए। बैठक में कृषि, उद्यानिकी, कृषि विज्ञान केंद्र, पशुपालन, आत्मा बोर्ड के सदस्यगण उपस्थित थे।

## भाई को पीटा, प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नशे में भाई को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। नापाखेड़ा निवासी राकेष्ह पिता गोवर्धनलाल बागरी ने नारायणगढ थाने पर शिकायत दर्ज कराई भाई चरणसिंह ने शराब के नशे में गाली-गलौज कर मारपीट की। बीच-बचाव करने आई भांजी से भी झूमाझटकी की। पुलिस ने आरोपी चरणसिंह पर केस दर्ज किया।

## जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता के लिए 15 तक पंजीयन करवाएं

**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** वन मंडल अधिकारी मंदसौर ने बताया कि मध्य प्रदेश राज्य जैव विविधता की जिला स्तरीय की क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 21 अक्टूबर 2024 को लाल बहादुर शास्त्री शासकीय उत्कृष्ट उच्तर माध्यमिक विद्यालय मंदसौर में ऑफ़लाइन होगी। जिला स्तरीय कार्यक्रम हेतु वन मंडल कार्यालय मऊ नीमच रोड मंदसौर में विद्यालय टीम कक्षा 9वी से 12वीं तक के विद्यार्थियों हेतु पंजीयन 15 अक्टूबर तक कियाजाएगा। जिला स्तर पर न्यूनतम 100 टीमों के पंजीयन का लक्ष्य रखा गया है अब तक 75 टीमों का पंजीयन हो चुका है।



## नवरात्र एवं दशहरा पर्व मनाया

**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर विद्यालय में आज नवरात्र एवं दशहरे पर्व को बडे ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की छात्रा कुमारी सलौनी टेंटवाल द्वारा आदि शक्ति माँ दुर्गा पर आधारित एक भजन एवं दुर्गा सप्तशती पाठ के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके पश्चात छात्रा भीनी एरन द्वारा महिला सशक्तिकरण विषय पर आधारित अपनी कुछ काव्य पंक्तियाँ सुनाई, जिसे सुन सभी मंत्र मुग्ध हो गई। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों के द्वारा फ्री स्टाइल में आकर्षक गरबा नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन भी किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रिन्स वी थॉमस, संस्था सुपरवाइजर श्री हाकिमप्रसाद शर्मा सहित पूरा विद्यालय परिवार उपस्थित था। कार्यक्रम का संचालन छात्र रुचिर मुले एवं जय शर्मा द्वारा किया गया।

## गरबा निरस्त करने की मांग

**पिपलियामंडी, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कृषि उपज मंडी में 11 अक्टूबर को होने वाले गरबा कार्यक्रम को निरस्त करने की मांग हिन्दू संगठन कार्यकर्ताओं ने करते हुए कृषि मंडी सचिव के नाम ज्ञापन दिया। कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में बताया गरबा कार्यक्रम में वर्ग विशेष के लोगों को भी आमंत्रित किया गया है, जो हिन्दू धर्म को नही मानते। इससे हिन्दू धर्म की भावनाओं को ठेस पहुंच रही है। अगर गरबा कार्यक्रम कार्यक्रम की अनुमति निरस्त नही होती है तो हिन्दू संगठन आन्दोलन करेगा। इस अवसर पर नीलेश जैन, देवराज गुर्जर व आकश वाल्मिकी आदि मौजूद रहे।

## प्रेस परिषद द्वारा कवि सम्मेलन कल

**जीरन, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद जीरन द्वारा आयोजित दो दिवसीय दशहरा मेले के समापन अवसर पर 12 अक्टूबर शनिवार को रावण दहन पश्चात प्रेस परिषद जीरन द्वारा अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। प्रेस परिषद अध्यक्ष अंतिम पंवार एवं सचिव दुर्गाशंकर(भट्ट) ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग 10 साल बाद प्रेस परिषद द्वारा ही अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हो रहा है। जिसमें देश के ख्यातनाम कवि अपना काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम में प्रोफेसर ओमपाल सिंह निडर(पूर्व सांसद) राष्ट्रीय कवि(वीर)फिरोजाबाद(उप्र), कविराज शिव शैलेन्द्र यादव अंतराष्ट्रीय कवि(गीत) धार(मप्र), देवकृष्ण व्यास राष्ट्रीय कवि(वीर) देवास(मप्र), आचार्य जयसियाराम सफर जौनपुरी राष्ट्रीय कवि(हास्य) नागपुर (महाराष्ट्र), कवि कुंवर प्रांजल प्रताप(गीत एवं हास्य)आगरा (उप्र), कवि हरीश हंगामा मंच संचालक एवं हास्य प्रतापगढ (राज.), कवियत्री साधना चौहान (गीत,गजल, श्रृंगार) रतलाम, कवियत्री प्रिया ठाकुर (नोक झोंक एवं हास्य) खाचरोद, कवि प्रकाश बैरागी मालवी हास्य महिदपुर अपना काव्य पाठ करेंगे। कार्यक्रम 12 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से महाराणा प्रताप रंगमंच पर रहेगा।



## सरस्वती विद्या मंदिर केशव नगर मंदसौर में मनाया नवरात्रि उत्सव

**मंदसौर, 10 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** सरस्वती विद्या मंदिर, केशव नगर मंदसौर में 10 अक्टूबर 2024 को मनाया गया नवरात्रि उत्सव गया जिसमे प्रो. राजेंद्र सिंह शिक्षण समिति के व्यस्थापक श्री मिलीन जी व्यास, सह सचिव श्री चंद्र शेखर जी हल्कारा एवं समिति सदस्य श्री प्रमोद जी सेठिया साथी विद्यालय के प्राचार्य श्री संतोष यादव प्रधनाचार्य श्री राजपालसिंहजी सिसौदिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में समिति परिवार एवम विद्यालय परिवार द्वारा मां भगवती की वंदना की गई एवं तत्पश्चात कन्याओं का नवदुर्गा के रूप में पुजन किया। कार्यक्रम के अंत में सभी भैया बहनों एवं आचार्य परिवार द्वारा गरबा नृत्य के द्वारा मां भगवती की आराधना की गई। उक्त जानकारी प्रचार प्रसार विभाग से मनीष हलवे द्वारा दी गई।


### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उपखण्ड- नीमच

क्रमांक/2188/री-1/2024, नीमच दिनांक-25.09.2024
कलेक्टर महोदय न्यायालय प्र.क्रं. 0007 अ-20(3)/2022-23

### ✻ सार्वजनिक सूचना ✻

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम हिंगोरिया, तहसील नीमच जिला नीमच की भूमि ग्राम हिंगोरिया सर्वे नं. 382, 385, 394/2 कुल रकबा 5.92 हेक्टयर संस्था म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल संभाग कार्यालय नीमच के द्वारा आवासीय योजना के क्रियान्वयन हेतु नजूल निर्वतन नियम 2020 के अंतर्गत नजूल भूमि हस्तांतरण/आबंटन भूमि आबंटन हेतु चाही गई है।

उक्त सबंध में यदि किसी व्यक्ति या विभाग/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह विज्ञप्ति जारी होने की दिनांक से 07 में दिनांक 14.10.2024 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है। बाद अवधी समाप्त किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.09.2024 को हमारे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी
उपखण्ड-नीमच


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीडिया एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in